भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1596
सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन का संवर्धन और प्रोत्साहन

†1596. श्री राजीव प्रताप रूडीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत को एक वैश्विक चिकित्सा पर्यटन गंतव्य के रूप में मजबूत करने के लिए बजटीय प्रावधानों और लक्षित कार्यक्रमों सहित सरकार की प्रमुख पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) भारत आने वाले विदेशी चिकित्सा पर्यटकों के लिए सुगमता, वहनीयता और ऑपरेशन के बाद की देखभाल की चुनौतियों से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार ने भारत में लोकप्रिय विशिष्ट उपचारों के संबंध में कोई मूल्यांकन किया है और विशेष ध्यान के साथ उनके विकास के लिए एक समर्पित ढांचे की योजना बनाई है;

(घ) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान चिकित्सा पर्यटन के प्रभाव का कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी निष्कर्ष क्या हैं; और

(ङ) राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों की अपने क्षेत्रों में चिकित्सा पर्यटन के प्रचार और विकास में क्या भूमिका है और सफल सहयोग या मॉडलों के उदाहरण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): चिकित्सा पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। इसकी सतत कार्यकलापों के अंतर्गत, चिकित्सा एवं निरोगिता पर्यटन का संवर्धन भी शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारत में लोकप्रिय विशिष्ट उपचारों के संबंध में कोई आकलन नहीं किया गया है और न ही चिकित्सा पर्यटन के प्रभाव का आकलन किया गया है।

भारत में चिकित्सा एवं निरोगिता पर्यटन के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा एवं निरोगिता पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप तैयार किया है और इसे संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और औद्योगिक हितधारकों को परिचालित किया है।

वाणिज्य मंत्रालय के अधीन सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (एसईपीसी) ने http://www.indiahealthcaretourism.com नामक एक व्यापक वेबसाइट तैयार की है, जो मान्यता प्राप्त अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों, वीजा, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं आदि की जानकारी प्रदान करती है। पर्यटन मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइटों पर इस पोर्टल का लिंक उपलब्ध कराया है।

भारत में चिकित्सा उपचार के लिए आने वाले विदेशी नागरिकों की सुविधा हेतु भारत सरकार ई-मेडिकल वीजा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा प्रदान करता है।

****